भोपाल | सोमवार | 18 अगस्त 2025 | वर्ष 69 | अंक 194 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

भोपाल 70 वां वर्ष संस्करण


4 राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन


5 मुंबई में हाईटाइड अलर्ट, मोदी का पुणे दौरा रद्द


8 वर्ल्ड गेम्स 2025 : भारत ने रचा इतिहास


9 पहले दिन ही 1.4 लाख वार्षिक टोल पास बिके

# दिवाली पर जीएसटी बोनस

**65** हजार करोड़ की 2014 से परियोजनाएं शुरू | **48** हजार करोड़ की परियोजनाएं पूरी | **11** हजार करोड़ की दिल्ली-एनसीआर को सौगात

**नई दिल्ली, 17 अगस्त. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को राजधानी दिल्ली में 11,000 करोड़ रुपये की राजमार्ग परियोजनाओं का रिमोट से शुभारंभ करते हुए भरोसा जताया कि राज्यों को भेजा गया वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार प्रारूप शीघ्र मंजूर हो जाएगा. उन्होंने कहा कि इस दिवाली पर देश को जीएसटी सुधार का डबल बोनस मिलेगा, जिससे व्यापार सुगम होगा और उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी.**

मोदी ने देश में सुधारों को आगे बढ़ाने के संकल्प को दोहराते हुये कहा, हमारे लिए सुधार का मतलब सुशासन और सुविधा है. सभी को वॉकल पर लॉकल पर मेरा साथ देने चाहिए. मोदी ने कहा आज के समय में भारत की ट्रेनों की मांग दुनिया में हो रही है. उन्होंने राहुल का नाम लिए बिना विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग कभी संविधान को नकारते थे, वही आज संविधान की किताब लेकर नाचते हैं, वे किस तरह बाबा साहेब के संविधान को दगा दे रहे थे इसका उदाहरण दिल्ली के म्युनिसिपल कानून में ऐसी व्यवस्था थी जिसमें प्रावधान था कि



यदि कोई सफाईकर्मी बिना बताये काम पर नहीं आया तो उन्हें एक माह के लिए जेल में डाल दिया गया. जबकि भाजपा सरकार जनता पर थोपे गए दमनकारी कानूनों को खत्म कर रही है. प्रधानमंत्री ने दिल्ली-एनसीआर में हुए तेज बदलावों का उल्लेख करते हुए कहा कि पेरिफेरल रोड, अब अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 और द्वारका एक्सप्रेसवे जैसे प्रोजेक्ट से यातायात सुगम होगा. उन्होंने कहा कि राजधानी के कूड़े के पहाड़ों का वैज्ञानिक समाधान किया जा रहा है और क्लीन-ग्रीन दिल्ली की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं. इस मौके पर केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि 2014 से अब तक 65,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएँ शुरू की गईं, जिनमें से 48,000 करोड़ रुपये के कार्य पूरे हो चुके हैं. उन्होंने वादा किया कि सरकार लॉजिस्टिक्स लागत को एकल अंक में लाकर निर्यात को नई गति देगी.

प्रधानमंत्री द्वारा उद्घाटित परियोजनाओं में द्वारका एक्सप्रेसवे का दिल्ली खंड, शहरी विस्तार मार्ग-2 और बहादुरगढ़ व सोनीपत को जोड़ने वाले मार्ग शामिल हैं. इनसे दिल्ली-एनसीआर में आवागमन सुगम होगा, जाम और प्रदूषण घटेगा तथा व्यापार और कृषि को नई सुविधा मिलेगी.

> मोदी ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा यमुना से 16 लाख टन गाद हटाने की पहल की सराहना की. उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य के तालमेल से झुग्गीवासियों को पक्के घर, उज्ज्वला योजना से गैस कनेक्शन, सौभाग्य योजना से बिजली और पारदर्शी रोजगार उपलब्ध कराए जा रहे हैं. प्रधानमंत्री ने स्वदेशी अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि जनता ही हमारी हाई कमान है और देश के विकास की असली ताकत स्थानीय उत्पादों में है. उन्होंने कहा कि सुधारों का लाभ आम नागरिक तक पहुँचेगा और यही सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है.

# वोट चोरी का सपना पूरा नहीं होने देंगे

**सासाराम, बिहार 17 अगस्त. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि बिहार में भी महाराष्ट्र तथा कर्नाटक की तरह वोट चोरी की साजिश हो रही है लेकिन अब वह जनता को जगाने के लिए सड़क पर आ गए हैं और इस षड्यंत्र को सफल नहीं होने दिया जाएगा.**

गांधी ने बिहार के सासाराम में रविवार को वोटर अधिकार यात्रा शुरु करने से पहले आयोजित विशाल जन समारोह संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की चुनाव आयोग के साथ मिलकर बिहार में वोटों की चोरी करने की साजिश है और इसके लिए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण(एसआईआर) का काम चुनाव आयोग के साथ मिलकर शुरू किया जा चुका है. उनका कहना था कि इस यात्रा से जनता को जागृत कर वह भाजपा के षड्यंत्र पर पानी फेरने का काम करेंगे.

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के साथ मिलकर संविधान को मिटाने की कोशिश की जा रही है इसीलिए जब भी चुनाव होते हैं तो भाजपा का षड्यंत्र शुरू हो जाता है. चुनाव अगर विपक्ष जीत रहा है तो इसे रोकने का षड्यंत्र शुरु हो जाता है. चुनाव के सारे अनुमान और चुनाव पूर्व सर्वेक्षण भाजपा के खिलाफ आते हैं लेकिन चुनाव परिणाम अचानक भाजपा की जीत का आता है.

गांधी ने साजिश का उदाहरण देते हुए कहा कि महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव में भाजपा को कम वोट मिले लेकिन छह माह बाद विधानसभा में एक करोड़ नये वोट जुड़ते हैं और सारे के सारे नए वोट भाजपा को मिल जाते हैं. इलेक्शन कमीशन से कहा कि वीडियोग्राफी दिखाओ तो उन्होंने मना कर दिया गया.



**हम 50 प्रतिशत की दीवार हटाएंगे : राहुल**

राहुल गांधी ने कहा कि बिहार की जनता का वोट चोरी नहीं होने देंगे क्योंकि गरीबों के पास सिर्फ वोट है. वोट चोरी चुनाव आयोग करवा रहा है. पहले पता नहीं चलता था कि वोट चोरी हो रही है लेकिन मैंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनका पर्दाफाश किया है. लोगों के वोट काटे जा रहे हैं और चुनाव जीतकर जनता का पैसा 5-6 उद्योगपतियों को दिया जा रहा है. प्रधानमंत्री ने हमारे दबाव में जाति जनगणना की बात मानी लेकिन मुझे मालूम है कि वह जाति जनगणना नहीं करेंगे लेकिन हम 50 प्रतिशत की दीवार हटाएंगे और पूरे देश को दिखाएंगे कि हमने जो बोला है वह कर दिखाया है. उनको जाति जनगणना करने के लिए भी मजबूर करेंगे. हम वोट चोरी नहीं होने देंगे.

## एक नजर में



### साय के दौरे से पहले 19 को होगी कैबिनेट बैठक

**रायपुर.** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अगुवाई में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक मंगलवार को होगी. माना जा रहा है कि इस बैठक में शासन से जुड़े कई अहम विषयों पर चर्चा कर निर्णय लिए जाएंगे. उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने जानकारी देते हुए बताया कि मंत्रिमंडल की इस बैठक में नीतिगत एवं जनहित से जुड़े प्रस्तावों पर विचार होगा. उन्होंने कहा कि जो भी महत्वपूर्ण निर्णय होंगे, उनकी जानकारी बैठक के उपरांत सार्वजनिक की जाएगी. साय के विदेश दौरे पर जाने से पहले हो रही यह बैठक विशेष महत्व रखती है. राजनीतिक हलकों और प्रशासनिक स्तर पर भी इस बैठक को लेकर उत्सुकता बनी हुई है.

### 19 लाख के नक्सलियों का आत्मसमर्पण

**गरियाबंद.** छत्तीसगढ़ में नक्सल मोर्चे पर गरियाबंद में सुरक्षा बलों को एक और बड़ी सफलता मिली है. जिले में दो महिला और दो पुरुष नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटने का ऐलान किया. इन चारों नक्सलियों पर कुल 19 लाख रुपये का इनाम घोषित था. पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) अमरेश मिश्रा ने रविवार को यहां प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसका खुलासा किया. आत्मसमर्पण करने वालों में विनोद उर्फ भीमा मंडावी शामिल है, जो डीवीएस रैंक का सक्रिय सदस्य था. वहीं कैलाश, रनिता और सुजीता नक्सली पोलित ब्यूरो सदस्य बालकृष्ण उर्फ मनोज के प्रोटेक्शन टीम का हिस्सा थे. ये चारों पिछले एक दशक से सीतानदी-मैनपुर डिवीजन एरिया में सक्रिय थे. आईजी ने बताया कि चारों नक्सलियों पर कुल 19 लाख रुपये का इनाम घोषित था. आत्मसमर्पण के बाद बड़ी मात्रा में हथियार, सामग्री और 16 लाख रुपये नकद बरामद किए हैं.

### रनवे से टकराया इंडिगो विमान का पिछला हिस्सा

**मुंबई.** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) पर बैंकॉक से आ रहे इंडिगो एयरलाइंस के एक विमान का पिछला हिस्सा लैंडिंग के दौरान रनवे से टकरा गया लेकिन किसी तरह की कोई क्षति नही हुयी है. सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी. सूत्रों ने बताया कि पायलट ने विपरीत मौसम के कारण दृश्यता में कमी को देखते हुए लैंडिंग रद्द करने और गो-अराउंड शुरू करने का फैसला किया. सूत्रों ने बताया कि विमान ज़मीन के करीब होने के कारण उसका पिछला हिस्सा रनवे से टकरा गया. उन्होंने बताया कि विमान को कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ और सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित रहे. बाद में विमान ने सफलतापूर्वक लैंडिंग की.

## गुस्ताखी माफ





# सीपी एनडीए के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार

- भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने किया नाम का ऐलान
- कोयंबटूर से लगातार दो बार लोकसभा चुनाव जीते

**नयी दिल्ली, 17 अगस्त. भाजपा नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दी है. महाराष्ट्र के राज्यपाल और वरिष्ठ भाजपा नेता सीपी राधाकृष्णन को एनडीए की ओर से उम्मीदवार बनाया गया है.**

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को दिल्ली में आयोजित संसदीय बोर्ड की बैठक के बाद उनके नाम का औपचारिक एलान किया. बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे. आगामी 9 सितंबर को उपराष्ट्रपति पद का चुनाव होना है. चंद्रपुरम पोन्नुस्वामी राधाकृष्णन, जन्म 20 अक्टूबर 1957 को तिरुपुर (तमिलनाडु) में हुआ. 1974 में वे भारतीय जनसंघ की राज्य कार्यकारिणी समिति के सदस्य बने. 1996 में उन्हें तमिलनाडु भाजपा का सचिव नियुक्त किया गया. इसके बाद 1998 और 1999 में उन्होंने कोयंबटूर से लगातार दो बार लोकसभा चुनाव जीते.



> **राज्यपाल के रूप में भूमिका**
> 18 फरवरी 2023 को राधाकृष्णन झारखंड के राज्यपाल नियुक्त किए गए. मात्र चार महीने में उन्होंने राज्य के सभी जिलों का दौरा कर प्रशासनिक सक्रियता का परिचय दिया. इसके बाद 31 जुलाई 2024 को उन्हें महाराष्ट्र का राज्यपाल बनाया गया. इस दौरान वे तेलंगाना और पुडुचेरी में भी कार्यवाहक पदों पर रहे.

# 7 दिनों में हेराफेरी का सबूत दें राहुल गांधी

## चुनाव आयोग ने कहा - मतदाताओं के अधिकार की रक्षा के लिए चट्टान की तरह खड़े हैं

**नयी दिल्ली, 17 अगस्त. चुनाव आयोग ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से कर्नाटक सहित विभिन्न राज्यों की मतदाता सूचियों में बड़े पैमाने पर कथित गड़बड़ी के आरोपों को लेकर शपथ पत्र के साथ सात दिन के अंदर सबूत पेश करने, अन्यथा देश से माफी मांगने के लिए कहा है.**

मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने रविवार को विशेष रूप से आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, कोई किसी सूची में डेढ़ लाख मतदाताओं के नाम फर्जी होने का आरोप लगा दे, तो क्या आयोग बिना हलफनामे उनको नोटिस जारी कर देगा और उन्हें उप मंडलीय अधिकारी (एसडीएम) के दरवाजे पर चक्कर लगाने के लिए विवश करेगा.

उन्होंने कांग्रेस नेता गांधी द्वारा कर्नाटक और महाराष्ट्र की सूचियों में गड़बड़ी के लगाये गये आरोपों को लेकर पूछे गये सवालों का जवाब देते हुए कहा, मतदाता सूची में हेराफेरी का आरोप संगीन है और ऐसे विषय में बिना हलफनामे के आयोग कोई कार्रवाई नहीं कर सकता है. कुमार ने कहा कि कुछ लोग चुनाव आयोग के कंधे पर बंदूक रख कर मतदाताओं को निशाना बना रहे हैं.




> चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ विवेक जोशी की उपस्थिति में कुमार ने गांधी के आरोपों पर कहा, सात दिन में हलफनामा दें, नहीं तो देश से माफी मांगे. अन्यथा यही माना जाएगा कि ये आरोप निराधार हैं. उन्होंने कहा कि संविधान के अनुसार 18 वर्ष की आयु के भारतीय नागरिक को ही वोट देने का अधिकार है तथा मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने के लिए स्पष्ट नियम निर्धारित किये गये हैं, जिनका कोई उल्लंघन नहीं कर सकता है.

# भाजपा ने साधा बहुकोणीय समीकरण

- राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार

**प्रवेश कुमार मिश्र**

**नई दिल्ली, 17 अगस्त. उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए भाजपा संसदीय बोर्ड ने अपने उम्मीदवार के रूप में महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के नाम पर मुहर लगाकर बहुस्तरीय व बहुकोणीय समीकरण को साधने का प्रयास किया है.**

सूत्रों की मानें तो विभिन्न नामों पर वृहद स्तर पर विचार विमर्श के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सुझाव को विशेष महत्व देते हुए पार्टी ने विचारधारा के प्रति समर्पित वचनबद्धता, क्षेत्रीयता, भाषाई आधार, जातीय समीकरण समेत विभिन्न मानदंडों पर खरा उतरने वाले राधाकृष्णन के नाम पर मुहर लगाई है.

सूत्र बता रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी दक्षिण भारत से संबंध रखने वाले पार्टी व संघ की विचारधारा को अपनाकर लगातार दक्षिण भारतीय राजनीति में पार्टी को जागरूक व जागृत रखने वाले दो बार के सांसद रहे राधाकृष्णन को आरंभिक चर्चा में ही महत्व देते हुए उनके नाम पर अपनी सहमति दे दी थी. जानकारों की मानें तो भाजपा ने उक्त निर्णय से न सिर्फ दक्षिण भारतीय राजनीति को साधने का प्रयास किया है बल्कि ओबीसी वर्ग को साधते हुए विपक्षी धार को कुंद करने का प्रयास किया है. क्योंकि पिछले दिनों विपक्षी दलों की ओर से ओबीसी राजनीति को लेकर नई बहस छेड़ कर इस मुद्दे को खुब उछाला था जबकि दूसरी ओर भाषा को लेकर दक्षिण भारतीय राजनीति में एक अलग माहौल बनाने का प्रयास किया गया था. लेकिन उसी समय सरकार व संघ की ओर से जो बयान दिया गया था उससे स्पष्ट था कि भाजपा दक्षिण भारतीय राजनीति को लेकर काफी सजग है. संभवत: इसी वजह से बीच के दिनों किसी दक्षिण भारतीय नेता को पार्टी अध्यक्ष की जिम्मेदारी देने को लेकर भी सुगबुगाहट आरंभ हुई थी.

**इंडिया गठबंधन की एकजुटता पड़ सकती है कमजोर**

जानकार मान रहे हैं कि भाजपा की इस रणनीति से डीएमके जैसे दक्षिण भारतीय राजनीतिक दल के सामने क्षेत्रीय अस्तित्व व अस्मिता को बचाए रखने की चुनौती खड़ी हो जाएगी. ऐसी स्थिति में इंडिया गठबंधन की एकजुटता कमजोर पड़ सकती है. वैसे भी अंकगणित के हिसाब से राजग गठबंधन भारी है फिर भी सत्ताधारी भाजपा कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती है.

# बारिश से सात लोगों की मौत

**जम्मू, 17 अगस्त. जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के राजबाग-घाटी इलाके में भारी बारिश के कारण अचानक आयी बाढ़ में रविवार को सात लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए. अधिकारियों ने बताया कि कठुआ जिले में शनिवार को रात भर हुयी भारी बारिश के कारण रविवार सुबह अचानक बाढ़ आ गयी. इस त्रासदी के कारण जिले के कुछ हिस्सों में सात लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए.**

उन्होंने कहा, घाटी क्षेत्र के ऊपरी इलाकों में भी बादल फटने की भी खबरें हैं. उन्होंने आगे कहा कि भारी बारिश के कारण अचानक बाढ़ आ गई, जिससे घरों और अन्य बुनियादी ढाँचों को नुकसान पहुँचा. इसके अलावा, जंगलोट और आसपास के इलाकों में रेलवे ट्रैक और जम्मू-कठुआ राष्ट्रीय राजमार्ग के कुछ हिस्सों को भी नुकसान पहुँचा है. उन्होंने कहा, सड़कों पर पानी भर गया है और बाढ़ का पानी पुराने कठुआ शहर के कई घरों में भी घुस गया है.



# पूर्व सीएम नवीन पटनायक भुवनेश्वर अस्पताल में भर्ती

**भुवनेश्वर, 17 अगस्त.** ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री और बीजू जनता दल (बीजद) सुप्रीमो नवीन पटनायक की तबीयत बिगड़ने के बाद रविवार सुबह उन्हें भुवनेश्वर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया. 78 वर्षीय पटनायक शनिवार रात से बेचैनी और अस्वस्थता महसूस कर रहे थे. डॉक्टरों की टीम ने उनके आवास 'नवीन निवास' पर प्राथमिक उपचार किया, लेकिन स्वास्थ्य में सुधार न होने पर उन्हें अस्पताल लाया गया. लंबे समय तक सत्ता में रहे पटनायक वर्तमान में ओडिशा विधानसभा में विपक्ष के नेता हैं.

**सीएम के कई बड़े ऐलान** | 246 करोड़ के कार्यों का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

# 2028 तक एमपी बनेगा मिल्क कैपिटल : डॉ. यादव

**रतलाम, 18 अगस्त. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को रतलाम जिले के कुंडाल गांव पहुंचे. इस दौरान उन्होंने 246 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया तथा कई बड़े ऐलान किए. मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में दूध उत्पादन बढ़ाकर साल 2028 तक मध्यप्रदेश को मिल्क कैपिटल बनाया जाएगा. साथ ही रतलाम और खाचरोद के बीच 220 करोड़ रुपए की लागत से फोरलेन सड़क बनाई जाएगी.**

सीएम डॉ. मोहन यादव ने रतलाम जिले में 246 करोड़ रुपए की लागत से विकास कार्यों की सौगात दी. इसमें 158.64 करोड़ रुपए से 37 कार्यों का लोकार्पण और 87.27 करोड़ रुपए के कार्यों का भूमिपूजन किया गया.

सीएम ने कहा कि दूध उत्पादन के जरिए पशुपालकों की आय बढ़ाई जाएगी. सरकार गाय का दूध और घी खरीदेगी, जिससे किसानों की आमदनी बढ़ेगी. उन्होंने कहा कि किसानों और पशुपालकों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है. ग्रामीणों की सुविधा को देखते हुए मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि रतलाम और खाचरोद के बीच 220 करोड़ रुपए की लागत से फोरलेन सड़क बनेगी. साथ ही 113 करोड़ रुपए की पेयजल योजना और मोरकुंडवा सिंचाई परियोजना को भी मंजूरी दी गई.



> मुख्यमंत्री ने कहा कि सैलाना में खरमोर पक्षी अभयारण्य से हो रही परेशानियों का समाधान खोजा जाएगा. धार जिले के बदनावर में पीएम मित्रा पार्क का भूमिपूजन किया जाएगा. पार्वती-काली सिंध-चंबल राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना से रतलाम जिले के हर गांव और खेत तक पानी पहुंचेगा. पुलिस विभाग में खाली पदों की भर्ती की जाएगी. अगले पांच साल में 2.5 लाख शासकीय पदों पर भर्ती होगी.

# वायुसेना विंग कमांडर से एक करोड़ की साइबरी ठगी

**श्रीगंगानगर, 17 अगस्त. राजस्थान में भारतीय वायुसेना के सूरतगढ़ वायुसेना के हवाई अड्डे पर तैनात एक विंग कमांडर से साइबर ठगों ने झांसा देकर एक करोड़ 11 लाख 82 हजार 500 रुपये ठग लिये.**

पुलिस सूत्रों ने बताया कि जैसे ही इस धोखाधड़ी का पता चला, विंग कमांडर ने तुरंत राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर शिकायत दर्ज कराई. श्रीगंगानगर की साइबर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विभिन्न बैंक खातों में करीब सात लाख रुपये होल्ड करवा दिए.

पुलिस ने बताया कुछ अन्य बैंक खातों को तलाशा जा रहा है और संबंधित बैंकों से अतिरिक्त जानकारी का इंतजार है, जिससे और राशि ठगों के हाथ लगने से बचाई जा सके. विंग कमांडर ने साइबर थाने में अज्ञात ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है. जांच की जिम्मेदारी साइबर थाने के पुलिस इंस्पेक्टर रमेश कुमार न्यौल को सौंपी गई है, जबकि साइबर थाना प्रभारी डीएसपी कुलदीप वालिया इस मामले की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं.

विंग कमांडर ने 10 जून 2025 को '55 शून्या ग्रोथ क्लब' नामक एक व्हाट्सएप ग्रुप ज्वाइन किया. इस ग्रुप में व्यापारिक जानकारियां और निवेश के आकर्षक अवसरों की जानकारी दी जाती थी, जो भरोसेमंद लगती थी.